सत्यमेव जयते

# भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
## वन शिक्षा निदेशालय

Government of India, Ministry of Environment, Forests & Climate Change

Directorate of Forest Education

डाकघर न्यू फौरेस्ट, देहरादून–248 006

P.O. New Forest, Dehra Dun-248 006

**दूरभाष नं./Tel. No. 0135-2750127, 2757326 फैक्स/Fax-0135-2750125 Email:thedfedun@yahoo.com**

सं0 4–902/प्रशि0–।।/वशिनि–2022/250-328 दिनाँक 13 अप्रैल, 2022

## कार्यालय आदेश

वन शिक्षा निदेशालय अपने अधीनस्थ अकादमियों, कोयम्बटूर, देहरादून, बर्नीहाट, कुर्सियोंग तथा वन शिक्षा निदेशालय के तकनीकी नियंत्रण के अंतर्गत राज्य सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न वन अकादमियों के माध्यम से वन क्षेत्रपाल अधिकारियों को 18 माह का इंडक्शन प्रशिक्षण प्रदान करता है। वन शिक्षा निदेशक द्वारा भारत सरकार के "प्रवेश एवं प्रशिक्षण नियम (संशोधित), 2004 वन क्षेत्रपाल अधिकारियों के लिए" एवं पहले के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसार **वन क्षेत्रपाल अधिकारियों के 18 माह के सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम** के लिए अपेक्षित प्रशिक्षण की दरों को समय–समय पर निर्धारित करता है।

प्रशिक्षण व्यय की निम्नलिखित मदों में पिछली बार निम्नानुसार संशोधन किया गया था:–

| विवरण | पिछली संशोधन की तिथि |
|---|---|
| शिक्षा शुल्क रू0 80,,000/– प्रति प्रशिक्षणार्थी के सम्पूर्ण कोर्स के लिए | अगस्त, 2018 |
| दौरा व्यय रू0 1,50,000/– प्रति प्रशिक्षणार्थी के सम्पूर्ण कोर्स के लिए (महाविद्यालय में ज्वाईनिंग व प्रस्थान / लीविंग तथा छुट्टियों के दौरान यात्रा व्यय के अतिरिक्त) | |
| उपकरण भत्ता रू0 70,000/– प्रति प्रशिक्षणार्थी के सम्पूर्ण कोर्स के लिए | |
| **कुल रू0 3,00,000/–** | ——— |

पिछले कुछ वर्षो से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार सभी उपयोगी वस्तुओं की लागत काफी हद तक बढ़ी हैं। मूल्यों तथा रखरखाव में वृद्वि को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण व्यय की मौजूदा दरों में संशोधन किये जाने की आवश्यकता है ताकि निधि की कमी के चलते वन क्षेत्रपाल अधिकारियों के प्रशिक्षण में कठिनाई उत्पन्न न हो।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए तथा दिनांक 21 जून 2004 की अधिसूचना सं. 3–17/99–आर0 टी0(।) के अनुसार वन क्षेत्रपाल अधिकारियों के "प्रवेश एवं प्रशिक्षण नियम (संशोधित), 2004 के सामान्य नियम भाग IV के नियम संख्या 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अद्योहस्ताक्षरी द्वारा केन्द्रीय अकादमी राज्य वन सेवा, देहरादून/कोयम्बटूर/बर्नीहाट, केन्द्रीय अकादमी वन सेवा, कुर्सियोंग एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा संचालित वानिकी के 18 माह के सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम में प्रायोजित होने वाले वन क्षेत्रपाल अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण शुल्क, दौरा व्यय, उपकरण भत्ते, की दरों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:–

| कम सं0 | विवरण | संशोधित दर प्रति वन क्षेत्रपाल अधिकारी प्रशिक्षणार्थी के लिए | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | शिक्षा शुल्क प्रति प्रशिक्षणार्थी सम्पूर्ण कोर्स के लिए | रू0 1,00,000/– प्रति प्रशिक्षणार्थी के सम्पूर्ण प्रशिक्षण के लिये। | दिनांक 01.05.2022 के बाद से प्रारम्भ होने वाले 2022–2023 सत्र से प्रभावी होगा। |
| 2 | दौरा व्यय (महाविद्यालय में ज्वाईनिंग व प्रस्थान / लीविंग तथा छुट्टियों के दौरान यात्रा व्यय के अतिरिक्त) | रू0 2,50,000/– प्रति प्रशिक्षणार्थी के सम्पूर्ण प्रशिक्षण के लिये। | तदैव |
| 3 | उपकरण भत्ता प्रति प्रशिक्षणार्थी | रू0 1,00,000/– प्रति प्रशिक्षणार्थी के सम्पूर्ण प्रशिक्षण के लिये। | तदैव |
| 4 | संस्थागत शुल्क | रू0 50,000/– संपूर्ण पाठ्यक्रम के लिये | तदैव |
| **कुल** | | **रू0 5,00,000/– प्रति प्रशिक्षणार्थी** | ——— |

.........2...

1. शिक्षण शुल्क, दौरा व्यय, उपकरण भत्ते, संस्थागत शुल्क की संशोधित दरें 1 मई, 2022 के पश्चात् प्रारम्भ होने वाले वन क्षेत्रपाल के 2022–2023 बैच से प्रभावी होगी।
2. प्रशिक्षणार्थी द्वारा अकादमी में प्रवेश के समय रू0 10,000/– (रू0 दस हजार मात्र) कॉशन मनी (रिफन्डेबल) जमा कराना आवश्यक है जो कि प्रशिक्षण पूर्ण होने पर अकादमी द्वारा प्रशिक्षणार्थी को वापस किया जायेगा।
3. प्रशिक्षणार्थियों को वजीफा दिये जाने की स्थिति में यह सुनिश्चित किया जाये कि न्यूनतम वजीफा रू0 44,900/– (रू0 चवालीस हजार नौ सौ मात्र) प्रति प्रशिक्षणार्थी प्रति माह भुगतान किया जाये।
4. प्रशिक्षणार्थियों के भ्रमण के समय ठहरने तथा यात्रा व्यय सामान्यतः भारत सरकार के यात्रा भत्ता नियमों के अनुसार से अधिक नही होगा एवं भारत सरकार के अधिकारियों के समान लेवल/ग्रेड वेतन की पात्रता के अनुरूप होगें। फंड की कमी होने पर यात्रा के दौरान ठहरने का भत्ता पात्रता से कम किया जा सकता है। यदि किसी कारणवश ज्यादा व्यय करने की आवश्यकता होती है तो यह सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित कराया जाये।
5. बिजली, पानी, छात्रावास की सफाई की उपभोज्य वस्तुओं, आई0 टी0 संबंधित साम्रगी, अन्य प्रशिक्षण संबंधित व्यय इत्यादि को संस्थागत शुल्क से आनुपातिक रूप में भी वहन किया जा सकेगा।
6. सभी अकादमियों के निदेशक / प्रधानाचार्य उपर्युक्त विवरण के अनुसार व्यय का लेखा भारत सरकार के व्यय खातों के अनुरक्षण के नियमों एवं प्रक्रिया के अनुसार तैयार करेंगें तथा बैच के समापन की तिथि से तीन (03) महीनों के भीतर दौरा व्यय की शेष / मांग राशि, यदि कोई हो तो, प्रायोजित करने वाले राज्य/प्राधिकारी को लौटायेंगे अथवा मांग करेंगे।

(अंग्रेजी अनुवाद पिछले पृष्ठ पर)

(अनुराग भारद्वाज, भा. व. से.)
वन शिक्षा निदेशक

मानक वितरणः–

1. सचिव (वन), समस्त राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेश।
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन सेना प्रमुख), समस्त राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश।
3. उप वन महानिदेशक (आरटी), भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली–110 003.
4. प्रधानाचार्य, केन्द्रीय अकादमी राज्य वन सेवा, देहरादून (उत्तराखंड)/कोयम्बटूर (तमिलनाडु)/बर्नीहाट (असम)।
5. प्रभारी प्रधानाचार्य, केन्द्रीय अकादमी वन शिक्षा, कुर्सीयोंग (प0 बंगाल)।
6. निदेशक/प्रधानाचार्य, सभी राज्य सरकारों द्वारा संचालित अकादमियों/वन प्रशिक्षण संस्थान।
7. गार्ड फाईल।